**संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन** / U.T. Administration of Daman & Diu
**राजभाषा विभाग, सचिवालय** / Rajbhasha Vibhag, Shachivaly,
**दमण** / Daman - 396 220

~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

**सं. रा.भा. 11(3)/हिन्दी दिवस-खण्ड-IV/07-14/108** **दिनांक : 20/08/2014**

# प रि प त्र / C I R C U L A R

**विषय :- हिन्दी पखवाड़ा एवं हिन्दी दिवस मनाये जाने के संबंध में ।**

संघ प्रदेश दमण स्थित प्रशासन के सभी कार्यालयों, केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निगमों, उपक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि प्रशासन के राजभाषा विभाग, दमण द्वारा दिनांक 27.08.2014 से 12.09.2014 तक संयुक्त हिन्दी पखवाडा और दिनांक 15.09.2014 को हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है ।

इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, दमण द्वारा राजभाषा हिन्दी संबंधी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा । प्रतियोगिताओं की सूची इसके साथ संलग्न है । इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतियोगी अपना नाम, पदनाम, संपर्क संख्या, विभाग / विद्यालय / महाविद्यालय का नाम तथा प्रतियोगिता का नाम लिखकर अपना आवेदन-पत्र **दिनांक 26-08-2014 (मंगलवार) तक** सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, सचिवालय, दमण को अवश्य भेज दें ।

सभी कार्यालय अध्यक्षों / प्रधानाचार्यों / प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों / विद्यार्थियों / शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए हिन्दी पखवाड़ा, 2014 को सफल बनायें ।

इसे डायरी संख्या 4702, दिनाकं 20-08-2014 के तहत माननीय प्रशासक के अनुमोदन पर जारी किया जाता है।

20/08/2014
( अंतर्यामी परिड़ा )
सहायक निदेशक (राजभाषा)

संलग्नक : उपर्युक्त ।

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :**

1. माननीय प्रशासक की स्टाफ अधिकारी, सचिवालय, दमण ।
2. विकास आयुक्त की वैयक्तिक सचिव, सचिवालय, दमण ।
3. सचिव (राजभाषा) एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक, ओ.आई.डी.सी., दमण ।
4. समाहर्ता की वैयक्तिक सहायक, समाहर्तालय, दमण ।
5. सचिव (वित्त) की वैयक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण ।
6. प्रशासन के सभी कार्यालय अध्यक्ष, दमण ।
7. सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालय, दमण ।
8. सभी सरकारी उपक्रम / निगम / राष्ट्रीयकृत बैंक, दमण ।
9. शिक्षा उप-निदेशक, शिक्षा निदेशालय, नानी दमण ।
10. सभी प्राचार्य / प्रधानाध्यापक, दमण ।
11. नोटिस बोर्ड / प्रशासन के कार्यालयों, दमण जिले में स्थित राष्ट्रीय बैंकों, केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों व शैक्षिक संस्थान - आपसे अनुरोध है कि कृपया सभी संबन्धितों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए व्यापक प्रचार कराएं एवं एक प्रतिलिपि सूचनार्थ नोटिस बोर्ड में लगवाएं ।
12. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सचिवालय, दमण को इसे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु आवेदन सहित ।
13. कार्यालय प्रति / गार्ड फाइल ।
~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

**संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन/ U.T. Administration of Daman & Diu**

**राजभाषा विभाग, सचिवालय / Rajbhasha Vibhag, Shachivalya,**

**दमण / Daman - 396 220**

हिन्दी पखवाड़ा, **2014** के अवसर पर आयोजित होनेवाली प्रतियोगिताओं का विवरण ।

*************************************************************************************

| क्र. सं. | दिनांक एवं समय | प्रतियोगिता का नाम | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | 27.08.2014(बुधवार)<br>03.30 से 05.30 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन**<br>(अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग) | **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान**<br>**मोटी दमण** |
| 2. | 28.08.2014 (गुरूवार)<br>03.30 से 05.30 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता** **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण एवं सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण**<br>i. कर्मचारी वर्ग : **कार्यालयों में हिन्दी में कार्य करने की प्रासंगिकता ।**<br>ii. अधिकारी वर्ग : **हिन्दी का विरोध : कितना उचित !**<br>**विद्यार्थी वर्ग**<br>i. माध्यमिक वर्ग : **हमारे देश की संपर्क भाषा ।**<br>ii. उच्चतर माध्यमिक वर्ग : **देश में उचित संपर्क भाषा का महत्व।**<br>iii. महाविद्यालय वर्ग : **शिक्षा और भाषा का संबन्ध ।** | |
| 3. | 02.09.2014 (मंगलवार)<br>03.00 से 05.00 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (केवल कंप्यूटर पर हिन्दी में टंकण) :**<br>(अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग) **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण** | |
| 4. | 03.09.2014 (बुधवार)<br>03.00 से 05.00 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी ज्ञान-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता :** **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण**<br>1. कर्मचारी वर्ग<br>2. माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक वर्ग (कक्षा 8 से 12 तक)<br>3. महाविद्यालय वर्ग<br>हिन्दी में दिये जानेवाले प्रश्नों का उत्तर लिखित रूप में देना। | |
| 5. | 04.09.2014 (गुरूवार)<br>03.00 से 06.00 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी काव्यपाठ प्रतियोगिता :** **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण** i. कर्मचारी वर्ग<br>ii. विद्यार्थी वर्ग (कक्षा 8 से 12 तक)<br>iii. महाविद्यालय वर्ग | |
| 6. | 05.09.2012(शुक्रवार)<br>( 03:00 से 03:15 बजे तक कर्मचारी वर्ग हेतु)<br>( 03:30 से 03:45 बजे तक विद्यार्थी वर्ग हेतु) | **हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता :** **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण**<br>i. कर्मचारी वर्ग<br>ii. विद्यार्थी वर्ग (कक्षा 8 से 12 तक) | |
| 7. | 10.09.2014 (बुधवार)<br>03.00 से 06.00 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** **सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण**<br>i. कर्मचारी वर्ग : **जन-जन की भाषा है हिन्दी ।**<br>ii. अधिकारी वर्ग : - **नारी सम्मान और भारतीय संस्कृति ।**<br>iii. शिक्षक वर्ग : - **हिन्दी हैं हम वतन है, हिन्दुस्तान हमारा।**<br>**विद्यार्थी वर्ग**<br>i. माध्यमिक वर्ग : **राष्ट्रीय एकता का महत्व ।**<br>ii. उच्चतर माध्यमिक वर्ग : **वर्तमान परिदृश्य में प्रौद्योगिकी का महत्व ।**<br>iii. महाविद्यालय वर्ग : **देश निर्माण में युवाओं की भूमिका ।** | |
| 8. | 12.09.2014(शुक्रवार)<br>03.00 से 06.00 बजे तक (अपराह्न) | **हिन्दी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता :** **सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण**<br>i. अधिकारी / कर्मचारी वर्ग<br>ii. विद्यार्थी वर्ग<br>क. माध्यमिक वर्ग<br>ख. उच्चतर माध्यमिक वर्ग<br>ग. महाविद्यालय वर्ग | |
| 9. | 15.09.2014 (सोमवार)<br>11.00 बजे से (पूर्वाह्न) | **हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह**<br>**स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम, राजकीय महाविद्यालय परिसर, नानी दमण ।** | |

<u>मार्ग दर्शन</u> :

[Guidelines]

1. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रविष्टियां नाम, पदनाम, कार्यालय / संस्थान संबन्धी विवरण **संपर्क नंबर सहित** राजभाषा विभाग, सचिवालय, दमण में **दिनांक 26.08.2014 (मंगलवार)** तक अवश्य भेज दें अथवा व्यक्तिगत रूप से दे जायें ।

2. सभी प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि में अपना पूरा नाम, पदनाम, प्रतियोगिता एवं कार्यालय का नाम संपर्क संख्या सहित स्पष्ट रूप से उल्लेख करें । विद्यार्थी वर्ग के प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि में अपना पूरा नाम, कक्षा एवं विद्यालय / संबंधित शैक्षणिक संस्थान का नाम अपने संपर्क / मोबाईल नंबर सहित स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे।

3. देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रविष्टियां एक ग्रुप में पाँच प्रतियोगी के आधार पर ही स्वीकार की जायेंगी । एकल गायन की अनुमति नहीं दी जायेगी । देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि में गीत के बोल का उल्लेख अवश्य करें ।

4. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले प्रतियोगियों को दिनांक 15.09.2014 (सोमवार) को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे, जिसके बारे में सफल प्रतियोगियों को अलग से सूचित किया जायेगा ।

5. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में मोटी दमण के विद्यार्थी तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, मोटी दमण में तथा नानी दमण के विद्यार्थी सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण में उपस्थित रहें

6. **सभी प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मण्डल द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा ।**

7. अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक (राजभाषा), सचिवालय, दमण को राजभाषा विभाग की दूरभाष संख्या- **(0260) 2230467** या सहायक निदेशक (राजभाषा), दमण के व्यक्तिगत मोबाईल सं **9426892840 या 8980409287** पर संपर्क किया जा सकता है ।